# डेरिक इंटरनैशनल स्कूल में अत्यधुनिक क्रिकेट अकादमी का उपायुक्त ने किया उद्घाटन



अकादमी के उदघाटन के समय जिला उपायुक्त राजेश धीमान व गणमान्य।

**बंगा, 16 नवंबर (मनीष चुघ) :** मुकंदपुर रोड पर स्थित डेरिक इंटरनैशनल स्कूल में बन रहे अत्यधुनिक क्रि केट अकादमी का उद्घाटन जिले के उपायुक्त श्री राजेश धीमान ने किया। इस कार्यक्रम में एनडीसीए के गणमान्य व्यक्ति कृष्ण कुमार उपाध्यक्ष (एनडीसीए) राजन अरोड़ा सचिव (एनडीसीए ) राकेश जोशी महासचिव (एनडीसीए) व प्रवीण सरीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अकादमी का सम्बद्धता पत्र स्कूल की प्रिंसिपल नीना भारद्वाज को औपचारिक रूप से सोपा गया यह अकादमी नवांशहर क्रि केट एसोसिएशन एनडीसीए और पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन पीसीए मोहाली के तत्वावधान शुरू की गई है। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपायुक्त राजेश धीमान ने कहा कि छात्रों को इस अकादमी का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अकादमी हमारे युवाओं के कौशल को विकसित करने और क्रि केट के प्रति उनके जुनून को और आगे बढ़ने का मंच प्रदान करेगी। यह अकादमी क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। उद्घाटन समारोह में बंगा हलका से आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज स. कुलजीत सिंह सरहाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे